आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 11.12.2025 **समय : 02.10PM**

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर इम्फाल पहुंच रही हैं। इस दौरान वे राज्य में आयोजित होने वाले कई औपचारिक और विकासात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

श्रद्धांजलि

भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की जयंती पर आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रणब मुखर्जी की बुद्धिमत्ता और स्पष्ट विचारों ने भारतीय लोकतंत्र को समृद्ध किया है, और उनके साथ लंबे समय तक संवाद से उन्हें बहुत सीखने का अवसर मिला। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न प्रणब मुखर्जी को जयंती पर नमन किया। उन्होंने कहा कि देश के विकास और आर्थिक सुधारों में प्रणब मुखर्जी का योगदान सदैव याद किया जाएगा।

एथेनॉल

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल ब्लेंडिंग से देश के कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में 736 लाख मीट्रिक टन की कमी आई है। उन्होंने बताया कि एथेनॉल एक हरित ईंधन है, जो प्रदूषण कम करने में मदद करता है और किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक है।

नीति आयोग-स्टार्टअप

नीति आयोग एक प्रमुख दैनिक उपभोग सामग्री एफएमसीजी कंपनी के साथ राष्ट्रव्यापी स्टार्टअप कार्यक्रम शुरू करेगा। इसका उद्देश्य देश को चक्रवर्ती अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाना है। नीति आयोग ने बताया है कि इस पहल के अंतर्गत अगले तीन वर्षों में चक्रवर्ती अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने वाले 50 उच्च क्षमता के स्टार्टअप की पहचान की जाएगी और उन्हें समर्थन दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्लास्टिक के पुर्नचक्रण, दोबारा इस्तेमाल और पैकेजिंग सामग्री के नवाचार समाधान निकालने वाले स्टार्टअप को प्राथमिकता दी जाएगी। आयोग ने बताया कि चयनित स्टार्टअप को अनुदान राशि के साथ बाजार मान्यता के लिए अवसर दिए जा सकते हैं।

राज्यसभा-दीपावली

राज्यसभा ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने की आज सराहना की। राज्यसभा के सभापति सी.पी.राधाकृष्णन ने कहा कि यह देश के लिए अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल एक त्योहार नहीं बल्कि अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि दीपावली भारत की 16वीं धरोहर है जिसे इस सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह उपलिब्ध देश की समृद्ध विरासत और परंपराओं को संरक्षित और बढ़ावा देने तथा इसे मनाने के लिए लोगों को प्रेरित करेगी।

मौसम

प्रदेश में सर्दी का प्रकोप तेज हो गया है। शहडोल के कल्याणपुर में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर और भोपाल सहित कई जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज भोपाल, इंदौर, राजगढ़, शाजापुर और सीहोर में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार हिमालयी क्षेत्रों में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और ऊपरी वायुमंडल में तेज जेट स्ट्रीम हवाएं इस ठंड का मुख्य कारण हैं ।

संक्षिप्त समाचार

- राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नर्मदापुरम जिले के ग्राम मेहरागाँव में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अब तक कुल 124 ग्रामीणजनों ने एचआईवी-एड्स सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें करवाईं।

- अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कल आगरमालवा जिला न्यायालय परिसर में आयोजित किये गये विधिक जागरूकता शिविर में बंदियों के मानव अधिकार एवं मानव अधिकार हनन होने पर मानव अधिकार आयोग की भूमिका विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई।